Title: Regarding the crisis faced by the marble industries in Rajasthan due to the new import policy of the Government.

प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय का ध्यान एक अति आवश्यक विषय की ओर दिलाना चाहता हूं। मार्बल के आयात पर हटाये गये प्रतिबंधों के कारण राजस्थान का मार्बल उद्योग संकट में पड़ गया है। भारत सरकार द्वारा घोषित आयात-निर्यात नीति के चैप्टर 68 के अंतर्गत मार्बल आयात पर हटाये गये प्रतिबंधों के कारण यह उद्योग संकट में है। राजस्थान में भारत में कुल उत्पादित मार्बल का 90 प्रतिशत मार्बल राजस्थान में ही खनन एवं प्रौसेस किया जाता है। यह उद्योग राजस्थान की अर्थव्यवस्था का मेरूदंड है। यह अनुमति मार्च 1999 में दी गयी थी और मई 1999 में इसके आयात पर कैप लगाया गया था। कैप लगाने के बाद 9 महीनों के अंदर ही 250 लाख वर्ग फुट निम्न वैल्यू का मार्बल आयात होकर देश में आ गया जिससे मार्बल उद्योग को गहरा झटका लगा है। इससे मार्बल की काफी इकाइयां बीमार पड़ गयी हैं या रुग्ण होने की स्थिति में है।

1300 hrs.

इसलिए मेरी भारत सरकार से प्रार्थना है कि लघु उद्योगों को रुग्ण होने से बचाया जाए। इस पर तीन हजार छोटे उद्योग और दो लाख परिवार आश्रित हैं । मार्बल उद्योग को बचाने के लिए आयात के सम्बन्ध में देश के लघु उद्योगों को समान धरातल पर रखा जाए।

MR. SPEAKER: Shri Radhakrishnan, you will get your chance tomorrow, and not today. This is the appeal from the Chair.